जोधपुर में संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण बैठक का आयोजन

संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति द्वारा दिनांक 27.02.2023 को भा.कृ.अनु.प. –केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान (काजरी), जोधपुर का राजभाषा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण बैठक की अध्यक्षता संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति की संयोजक प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने की। बैठक में श्री मनोज तिवारी, माननीय संसद सदस्य तथा सुश्री संगीता यादव, माननीय संसद सदस्य ने भाग लिया। बैठक में डॉ. ओम प्रकाश यादव, निदेशक, काजरी, श्री सुरेश कुमार, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (वरि.ग्रेड) तथा श्री नवीन कुमार यादव, उप निदेशक (राजभाषा) ने भाग लिया। बैठक में परिषद के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. राजबीर सिंह, सहायक महानिदेशक (एएएफ एवं सीसी) तथा श्री रामदयाल शर्मा, उप निदेशक (राजभाषा) ने भाग लिया।

समिति द्वारा संस्थान के राजभाषा कार्यान्वयन की प्रशंसा की गई तथा आवश्यक निदेश दिये गये। इस अवसर पर संस्थान निदेशक डॉ. ओम प्रकाश यादव ने अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट वर्ष के संबंध में संस्थान द्वारा आयोजित गतिविधियों की जानकारी दी तथा समिति को संस्थान द्वारा मिलेट से निर्मित खाद्य उत्पाद भेंट किये। माननीय संसद सदस्यों द्वारा इन उत्पादों की प्रशंसा की गयी।